प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 20.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

झारखंड समेत देशभर में रौशनी के त्यौहार दीपावली की धूम है। दीपोत्सव को लेकर सभी में उमंग और उत्साह दिख रहा है। बाजार में भी काफी रौनक है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली का त्योहार भारतीय नौसेना के जवानों के साथ मनाया। इस बार प्रधानमंत्री गोवा और करवार तट के पास स्थित भारतीय एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत पर पहुंचे। उन्होंने नौसैनिक अधिकारियों और जवानों के साथ बातचीत की और कहा कि उन्हें नौसेना के जवानों के साथ दीपावली मनाने का सौभाग्य मिला। श्री मोदी ने कहा, "आज एक तरफ मेरे सामने अनंत आकाश और समुद्र हैं, और दूसरी तरफ यह विशाल आईएनएस विक्रांत, जो अनंत शक्ति का प्रतीक है। महासागर पर सूर्य की किरणों की चमक उन दीपकों जैसी है, जो बहादुर सैनिकों ने जलाए हैं।" इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जवानों के उत्साह और देशभक्ति की भावना को सराहा और उनके साथ दीपावली मनाकर यह संदेश दिया कि भारतीय सशस्त्र बल देश की शक्ति और गौरव के प्रतीक हैं।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को दीपावली की शुभकामनायें दी है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित राज्य के कई गणमान्य लोगों ने भी दीपावली की शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने कहा यह पर्व सभी के जीवन में सुख समृद्धि और अपार खुशियां लाए। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दीपावली, सोहराय, काली पूजा की बधाई दी है।

****

स्वास्थ्य विभाग ने दीपावली को लेकर सभी जिलों के सदर अस्पताल और रांची स्थित रिम्स को अलर्ट किया है। दीपावली के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को लेकर रिम्स में दस और सदर अस्पताल में छह बेड सुरक्षित रखे गये हैं। बर्न वार्ड और इमरजेंसी सेवा के साथ पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक दवाओं की व्यवस्था की गई है।

****

दीपावली और छठ से पहले रांची की महिलाओं के चेहरों पर खुशियों की रौशनी लौट आई है। जिले की करीब चार लाख महिलाओं को मंईया सम्मान योजना की राशि का भुगतान कर दिया गया है। यह

सम्मान राशि अक्टूबर महीने के रूप में किया गया है। दीपावली और छठ जैसे बड़े त्योहारों से पहले राशि मिलने से महिलाओं में खुशी देखी जा रही है।

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदववार कल तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। इस उपचुनाव के लिए अब तक सात उम्मीदवारों ने नामजदगी का पर्चा दाखिल किया है। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार नामांकन पत्रों की जांच बाईस अक्टूबर को होगी, जबकि चौबीस अक्टूबर तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। इस विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए ग्यारह नवंबर को वोट डाले जायेंगे, जबकि चौदह नवंबर को मतों की गिनती होगी।

****

झारखंड और बिहार के पारंपरिक व्यंजनों की बिक्री टाटानगर रेलवे स्टेशन पर कल से शुरू होगी। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

रांची में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की पहल पर आयोजित राज्यस्तरीय स्कूली कुश्ती प्रतियोगिता का कल समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में बीस जिलों के प्रतिभागियों ने अपना दम दिखाया। बालक वर्ग की फ्री स्टाइल की कुश्ती में अंडर–19 श्रेणी में कोडरमा की टीम विजेता रही, जबकि बालिका वर्ग में जेएसएसपीएस रांची चैंपियन बनी। अन्य वर्गों में भी विभिन्न टीमों ने जीत का परचम लहराया। विजेताओं को समापन समारोह के दौरान सम्मानित किया गया।

****

राज्य के दक्षिणी हिस्सों में आज हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने बताया है कि पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां और सिमडेगा जैसे जिलों में आज गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। वहीं बाकी इलाकों में मौसम शुष्क बना रहेगा। कल जहां आकाश मुख्यतः साफ रहेगा वहीं 22 अक्टूबर को आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं। आगामी 23 से 26 अक्टूबर तक राज्य के कुछ हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश के आसार हैं। कुछ इलाकों में 24 अक्टूबर को आंधी और वज्रपात की भी आशंका है, जिसे लेकर मौसम विज्ञान केंद्र ने येलो अलर्ट जारी किया है।

******समाप्त*******